**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**

**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**

**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 99 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-25/05-परीक्षा/2022**

लखनऊ : दिनांक : 06 जून, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-98/07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-25/05-परीक्षा/2022, दिनांक 03.06.2025 द्वारा आयोग के विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2022, मुख्य सेविका मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2021)/05 के अंतर्गत दिनांक 17.12.2024 से दिनांक 13.02.2025 तक आयोजित अर्हता / अभिलेख परीक्षण के उपरांत मुख्य सेविका के पदों के सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के विज्ञापित पदों के सापेक्ष उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के दृष्टिगत मा० आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुक्रम में अर्हता / अभिलेख परीक्षण के लिये लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार उपलब्धता की सीमा तक चिन्हित (पुनरीक्षित कटऑफ अंक के समान अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) कुल 24 अभ्यर्थियों की अनुपूरक सूची एवं पुनरीक्षित कट-ऑफ अंक आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। साथ ही अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया गया था कि उक्त 24 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण दिनांक 13.06.2025 को आयोग कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित उक्त 24 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाना निर्धारित है-

| दिनांक | (पूर्वाह्न 10:00 बजे)<br>अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|
| 13.06.2025 | 24 |

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित उक्त 24 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण से पूर्व उनके समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित अनिवार्य अर्हता के सापेक्ष समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं उनकी छायाप्रतियों तथा पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अभ्यर्थी फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं उनकी स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि के अतिरिक्त अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

06/06/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।